हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

09 सितम्बर 2024, समय 1810

समाचार

- कांग्रेस नेता राहुल गांधी की अमरीका यात्रा के दौरान की गई टिप्पणी के लिए भारतीय जनता पार्टी ने उनकी आलोचना की।
- केन्द्र सरकार ने देश के सभी राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों को मंकीपॉक्स के सभी संदिग्ध मामलों की जांच और परीक्षण करने को कहा।
- हरियाणा में आज नामांकन दाखिल करने के चौथे दिन बीजेपी प्रत्याशी भव्य बिश्नोई व असीम गोयल और कांग्रेस प्रत्याशी करण दलाल सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किए।
- कांग्रेस ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए नौ उम्मीदवारों की तीसरी सूची और आम आदमी पार्टी ने 20 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की।
- केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कांग्रेस पर आपराधिक पृष्ठभूमि वाले लोगों को टिकट देने का आरोप लगाया।

****************************************************

कांग्रेस नेता राहुल गांधी की अमरीका यात्रा के दौरान की गई टिप्पणी के लिए भारतीय जनता पार्टी ने उनकी आलोचना की है। अपनी टिप्पणी में श्री गांधी ने बी.जे.पी पर संविधान को कमज़ोर करने का आरोप लगाया है।नई दिल्ली में सवांददाताओं से बातचीत में बी.जे.पी प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि कांग्रेस ने ही आपातकाल लगाया था और संविधान की प्रस्तावना को बदला था, लेकिन अब वह संविधान की बात कर रही है। श्री पूनावाला ने कहा कि कांग्रेस की सहयोगी नेशनल कॉन्फ्रेंस ने जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद-370 को वापस लाने का वादा किया है। उन्होंने श्री राहुल गांधी से सवाल किया कि वे अपना रुख स्पष्ट करें कि क्या वे जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद-370 के साथ हैं या डॉ. बी.आर. अंबेडकर के संविधान के साथ।

*****************************************************

केन्द्र सरकार ने देश के सभी राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों को मंकीपॉक्स के सभी संदिग्ध मामलों की जांच और परीक्षण करने को कहा है। केन्द्रीय स्वास्थ्य सचिव अपूर्व चंद्र ने मंकीपॉक्स से संबंधित विश्व स्वास्थ्य संगठन की अंतर्राष्ट्रीय जन स्वास्थ्य आपात की घोषणा की। मंत्रालय ने अपने परामर्श में मंकीपॉक्स को लेकर जागरूकता बढ़ाने तथा लोगों में फैले डर को रोकने के लिए निवारक उपाय अपनाने पर बल दिया है। मंत्रालय ने वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा राज्य और जिला स्तर पर स्वास्थ्य सुविधा विशेषकर जन स्वास्थ्य से संबंधित तैयारियों की समीक्षा करने का परामर्श भी दिया।राज्यों को संदिग्ध और पुष्ट दोनों मामलों की देखरेख के लिए अस्पतालों में पृथकवास सुविधाओं तथा आवश्यक साजो - समान और प्रशिक्षित मानव संसाधनों की उपलब्धता की पहचान करने को भी कहा गया है। स्वास्थ्यकर्मियों विशेषकर

चर्म, यौन संचरित बीमारियों के क्लीनिक तथा राष्ट्रीय एडस नियंत्रण संगठन के क्लीनिक को स्वास्थ्य प्रोटोकॉल का पालन करने को कहा गया है।श्री अपूर्व चंद्र ने कहा कि केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय इस स्थिति की निगरानी करना जारी रखेगा और राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों को हरसंभव समर्थन प्रदान करेगा।

*********************************************************

हरियाणा में आज नामांकन दाखिल करने के चौथे दिन विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। अंबाला शहर से बी जी पी प्रत्याशी असीम गोयल ने नामांकन दाखिल किया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और जिला प्रधान मनदीप राणा उनके साथ मौजूद रहे। श्री गोयल रोड़ शो के साथ पैदल नामांकन के लिए पहुंचे।

आदमपुर विधानसभा से बी जी पी प्रत्याशी भव्य बिश्नोई ने आज हिसार में अपना नामांकन दाखिल किया।नामांकन दाखिल करते समय पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई व माता रेणुका बिश्नोई और बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उनके साथ रहे।जननायक जनता पार्टी के जुलाना विधानसभा हल्के से प्रत्याशी अमरजीत □ांडा ने जींद में अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन के समय उनके साथ नैना चौटाला सहित अनेक पदाधिकारी मोजूद रहे। सफीदों विधानसभा से बी जे पी प्रत्याशी रामकुमार गौतम ने अपना नामांकन दाखिल किया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ोली उनके साथ रहे। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने फ़रीदाबाद में फ़रीदाबाद ओल्ड सीट से बी जे पी प्रत्याशी विपुल गोयल और तिगांव से विधायक राजेश

नागर का नामांकन दाखिल कराया। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर और बीजेपी के कई नेता मौजूद रहे। पलवल विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता करण सिंह दलाल ने अपने हजारों समर्थकों के साथ नामांकन पत्र दाखिल किया। कुरुक्षेत्र की लाडवा विधानसभा क्षेत्र से 3 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए है। जिनमें पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया के प्रत्याशी मान सिंह चोपड़ा , आजाद प्रत्याशी रजनीश सैनी व भजन सिंह शामिल हैं। कैथल जिले में पूंडरी विधानसभा से राकेश कुमार शर्मा ने और कलायत विधानसभा से आशीष रसिला ने आजाद उम्मीदवार के रूप में अपना पर्चा भरा। गुहला विधानसभा से भूपेंद्र सिंह ने शिरोमणि अकाली दल पार्टी (अमृतसर) के प्रत्याशी के तौर पर अपना नामांकन दाखिल किया। काबिलेगौर है कि 13 सितंबर को नामांकन पत्रों की समीक्षा की जाएगी। 16 सितंबर तक नामांकन वापिस लिए जा सकते हैं।

****************************************************

कांग्रेस ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए नौ उम्मीदवारों की तीसरी सूची जारी की। इस से पहले कांग्रेस 40 सीटों के लिए अपने उम्मीदवार घोषित कर चुकी है।आज जारी की गई सूची के अनुसार संपत सिंह को नलवा से, रणदीप सिंह सुरजेवाला को कैथल और कुमारी सेलजा को आरक्षित सीट उकलाना से चुनाव मैदान में उतारा गया है।उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पहले कांग्रेस महा सचिव दीपक बाबरिया ने एक बयान में कहा था कि किसी भी मौजूदा सांसद को हरियाणा विधानसभा चुनाव नहीं लड़ाया जायेगा लेकिन अब पार्टी ने कुमारी सेलजा और रणदीप

सुरजेवाला को उम्मीदवार घोषित कर दिया है।पार्टी ने हांसी से राहुल मक्कड़, करनाल से दिव्यांशु बुद्धिराजा, नारनौंद से डॉ० अजय चौधरी, बरवाला से राम निवास घड़ौला और नरवाना से विद्या रानी दानोदा को टिकट दी है, जबकि अंबाला छावनी से श्रीमती चित्रा सरवारा को अपना प्रत्याशी घोषित किया है।

*******************************************************

केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल ने आज फरीदाबाद में एक विशाल जनसभा को संबोधित किया और पार्टी के आगामी चुनावी अभियान की रूपरेखा प्रस्तुत की । उन्होंने कहा कि आगामी चार दिनों में नामांकन का समय समाप्त होगा । इससे पहले बी जे पी के उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी की जाएगी। उन्होंने हरियाणा में बी जे पे की लोकप्रियता का जिक्र करते हुए विश्वास जताया कि राज्य में तीसरी बार बी जे पी की सरकार बनेगी। उन्होंने यह भी कहा कि केवल बी जे पी में ऐसा संभव है कि एक मौजूदा विधायक की टिकट कटने के बाद भी वह अपने प्रतिस्थानी उम्मीदवार की जीत के लिए पूरी निष्ठा से काम करता है। फरीदाबाद की मौजूदा स्थिति का उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि यहां से विधायक रहे नरेंद्र गुप्ता की जगह इस बार पार्टी ने पूर्व उद्योग मंत्री विपुल गोयल को टिकट दी है, लेकिन इसके बावजूद नरेंद्र गुप्ता विपुल गोयल के समर्थन में पूरी ताकत से जुटे हुए हैं।कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए मनोहर लाल ने कहा कि कांग्रेस में टिकटों का वितरण उनके

आंतरिक संघर्ष को उजागर करता है। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस ने अपनी टिकटों की घोषणा में अत्यधिक देरी की है, जिससे यह साफ हो जाता है कि पार्टी अंदरूनी विवादों से जूझ रही है। कांग्रेस में पहले भी टिकटों को लेकर गुटबाजी देखी गई थी, और इस बार भी वही हालात नजर आ रहे हैं।उन्होंने कांग्रेस पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि पार्टी ने आपराधिक पृष्ठभूमि वाले लोगों को टिकट दी है। कुछ उम्मीदवार जेल में बंद हैं, जबकि कुछ अन्य पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच चल रही है।

*******************************************************

आम आदमी पार्टी ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए 20 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की है।पार्टी ने रोहतक से बिजेंद्र हुड्डा, भिवानी से इंदु शर्मा, कलायत से अनुराग □ांडा, नारायणगढ़ से गुरपाल सिंह, पुंडरी से नरेंद्र शर्मा और घरौंडा से जयपाल शर्मा को चुनाव मैदान में उतारा है। असंध से अमनदीप जुंडला, समालखा से बिट्टू पहलवान, उचाना कलां से पवन फ़ौजी, डबवाली से कुलदीप गदराना और रनिया से हैप्पी रनिया चुनाव लड़ेंगे। वहीं महम से विकास मेहरा, बहादुरगढ़ से कुलदीप चिकारा, बादली से रणबीर गुलिया और बेरी से सोनू अहलावत शेरिया को टिकट दी गई है। आम आदमी पार्टी ने महेंद्रगढ़ से मनीष यादव, नारनौल से रविंदर मटरू, बादशाहपुर से बीर सिंह सरपंच, सोहना से धर्मेंद्र खटाना और बल्लभगढ़ से रविंदर फौजदार को अपना प्रत्याशी घोषित किया है।

*******************************************************

आज कैथल में रणदीप सुरजेवाला के समर्थन में  मानस गांव के सरपंच व सरपंच एसोसिएशन के पूर्व जिला प्रधान  कर्मबीर भाल, जिला पार्षद विक्रमजीत कश्यप सजूमा, गांव नौच के सरपंच सोमी कश्यप व पूर्व पार्षद आनंद शर्मा कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए।  इस अवसर पर  श्री सुरजेवाला ने बी जे पी और जे जे पी पर कई आरोप लगाए।

*******************************************************

फरीदाबाद पुलिस की अपराध शाखा ने दो नशा तस्करों को 1 किलो 79 ग्राम गांजा सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता यशपाल ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान गुलाब नब्बी और अनिना के तौर पर हुई है। गुलाब नब्बी नेहरू कॉलोनी का निवासी है, जबकि अनिना राजीव कॉलोनी की रहने वाली है।उन्होंने बताया कि गुलाब नब्बी को डबुआ इलाके के लेजर वैली पार्क से और अनिना को सेक्टर-56 से गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान गुलाब नब्बी के पास से 510 ग्राम और अनिना के पास से 569 ग्राम गांजा बरामद हुआ।

*******************************************************

भारत निर्वाचन आयोग ने मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को छोड़कर अन्य प्रत्याशियों के लिए चुनाव चिन्ह जारी किए हैं। यह चुनाव चिन्ह 16 सितंबर को नामांकन वापिस न लेने वाले उम्मीदवारों को आवंटित किए जाएंगे  मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों से प्रत्याशी अपने चुनाव चिन्ह पर चुनाव लड़ेंगे। इन चुनाव चिन्हों में अंगूर, शिमला मिर्च हरी

मिर्च , खाने की थाली , एयर कंडीशनर, सेब और डबल रोटी शामिल है। भिवानी के उपायुक्त महाबीर कौशिक ने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव लडऩे वाले प्रत्याशियों के लिए 190 चुनाव चिन्ह जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि 16 सितंबर को नामांकन वापिस लेने के बाद उसी दिन उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आबंटित किए जाएंगे।